मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-228
08/05/2025

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी हेतु मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक

पटना, 08 मई 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित ‘संकल्प’ में ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी हेतु मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक की।

बैठक में मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मियों एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों तथा कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं कानून व्यवस्था से जुड़े सभी कर्मियों को पूरी तरह अलर्ट पर रखा गया है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी सीमावर्ती जिलों में पूरी तरह चौकसी रखें। आवागमन पर कड़ी निगरानी रखी जाय तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं पर कड़ी नजर रखें। सीमावर्ती जिलों के सभी महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी जाय और लगातार सघन गश्ती की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अपने–अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थानों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर पूरी सर्तकता बरतें। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया और अन्य हैंडल के माध्यम से फर्जी खबरों एवं अफवाहों को पूरी सख्ती से रोकने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है और सरकार इस मामले में पूरी तरह सजग एवं सर्तक है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है।

मुख्यमंत्री ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती जिलों के वरीय अधिकारियों के साथ पूर्णिया में 10 मई को उच्चस्तरीय समीक्षा करेंगे।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार उपस्थित थे।

******